आवश्यक / महत्वपूर्ण । आ...

पत्र संख्या-बी-4-नजारत-टेलीफोन // 37 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर,उ0प्र0

(नजारत अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 21 मई 2020

डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
प्रयागराज, झासी, मथुरा,गोरखपुर,अलीगढ़ , सहारनपुर,
बरेली ,वाराणसी- प्रथम,गाजियाबाद- प्रथम,
लखनऊ -प्रथम व द्वितीय,कानपुर-प्रथम ।

कृपया संयुक्त सचिव,राज्य कर अनुभाग-2,उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या--457 / ग्यारह -2-9 (19) 2017 टी सी-2 दिनांक 5-5-2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कष्ट करे जिसके द्वारा मा0 सदस्यो ,उ0 प्र0 व्यापारी कल्याण बोर्ड ,उ0 प्र0 के पत्रो को प्रेषित करते हुये आवश्यक कार्यवाही कराने का अनुरोध किया गया है। मा0 सदस्यो द्वारा अपने पत्रो के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि उनके आवास पर शासनादेश द्वारा अनुमन्य टेलीफोन कनैक्शन अथवा निजी मोबाइल फोन का भुगतान वाणिज्य कर विभाग को करना था जिसके लिये शासनादेश में रूपया-15,000= 00 की धनराशि निर्धारित की गयी है । चूंकि 13 माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी अभी तक टेलीफोन का भुगतान विभाग द्वारा नही किया गया है। रूपया-15,000=00 की धनराशि अपने बैक खाते अन्तरित किये जाने का अनुरोध किया गया है। चूँकि मा सदस्यो के आवास गैर जनपदो मे है इस लिये उनके आवासो पर उपलब्ध कराये गये विभागीय टेलीफोनो के रख रखाव व उनके भुगतान की कार्यवाही आपके स्तर से सम्पादित करायी जाती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के मा0 अध्यक्ष,मा0 उपाध्यक्ष तथा मा0 सदस्यो के आवास पर स्थापित कराये गये आवासीय टेलीफोन पर वित्तीय वर्ष 2019-2020 में अब तक प्रतिमाह कितना व्यय हुआ है से सम्बन्धित माहवार सूचना मुख्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करे, साथ ही उक्त टेलीफोनो पर भविष्य में वित्तीय वर्ष 2020-2021 में जमा होने वाली धनराशि का विवरण भी प्रतिमाह मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ।यह भी अवगत कराना है कि प्रकरण शासन के संज्ञान में है ।अतः त्वरित कार्यवाही आपेक्षित है।

21/05/2020

(राजेश कुमार)
डिप्टी कमिश्नर(स्था0 अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय,लखनऊ।

पृष्ठाकन पत्र संख्या व दिनाक उक्त ।

प्रतिलिपि सम्बन्धित एडीशनल कमिश्नर-ग्रेड-1,वाणिज्य कर,उ0 प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से भी संबधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करे।

(राजेश कुमार)
डिप्टी कमिश्नर(स्था0 अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय,लखनऊ।